| दिनांक 02.10.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 02/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी की जयन्ती पर पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह

02 अक्टूबर, राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी की 156वीं जयन्ती के अवसर पर पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर, लखनऊ विस्तार में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में **श्री राजीव कृष्णा, पुलिस महानिदेशक**, उ0प्र0 द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा गॉधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

समारोह के दौरान 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी में नियुक्त रेडियो निरीक्षक श्री विजय शंकर अग्निहोत्री एवं उनकी टीम द्वारा रामधुन बजाई गई तथा ''**वैष्णव जन तो तेने कहिये**'' व गॉधी जी के लोकप्रिय भजन ''**रघुपति राघव राजा राम''** का गायन किया गया।

इसके उपरान्त लखनऊ विश्वविद्यालय राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डा0 संजय गुप्ता द्वारा महात्मा गॉधी जी के आदर्शों एवं सिद्धान्तों पर संक्षिप्त में अपने विचार रखे।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डा0 संजय गुप्ता को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पुलिस मुख्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों एवं रेडियो निरीक्षक श्री विजय शंकर अग्निहोत्री एवं उनकी टीम को उपहार भेंट किये गये।









| |
|---|
| दिनांक 02.10.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 03/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद कुशीनगर/थाना चौराखास**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 01/02.10.2025 की रात्रि थाना चौराखास, थाना पटहेरवा व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर घोड़ा घाट पुल के पास मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त सुग्रीव घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना तमकुहीराज पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना चौराखास पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सुग्रीव निवासी पकडियहवा भैसहा थाना कसया जनपद कुशीनगर।

**बरामदगी**

1—01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना खुर्जा नगर

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 07 हजार रूपये नगद**
- **चोरी की मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 01/02.10.2025 की रात्रि थाना खुर्जानगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कैलाश अस्पताल कट के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—फहीम उर्फ बावला 2—असरफ घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 07 हजार रूपये नगद, चोरी की मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त फहीम उर्फ बावला के विरूद्ध जनपद अलीगढ़, बुलन्दशहर, हाथरस के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 02 दर्जन अभियोग व अभियुक्त असरफ के विरूद्ध जनपद अलीगढ़, बुलन्दशहर के विभिन्न थानों पर लूट, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के 16 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना खुर्जानगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—फहीम उर्फ बावला निवासी जंगलगढ़ी थाना देहलीगेट जनपद अलीगढ़।

2—असरफ निवासी हाथी का पुल जंगलगढी थाना देहलीगेट जनपद अलीगढ़।

**बरामदगी**

1—चोरी के 07 हजार रूपये नगद।

2—चोरी की मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

3—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद जौनपुर/थाना गौराबादशाहपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 लाख 74 हजार रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 02.10.2025 को थाना गौराबादशाहपुर, थाना केराकत व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर धरसण्ड ग्राम सभा मोड़ के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—महेन्द्र 2—चन्दन घायल हो गये, जिन्हे अभियुक्त 3—राज उर्फ रजत 4—सूरज उर्फ लल्लू 5—ऋषि सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 लाख 74 हजार रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त महेन्द्र के विरूद्ध जनपद सुलतानपुरस जौनपुर व कमिश्नरेट वाराणसी के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग, अभियुक्त चन्दन के विरूद्ध जनपद जौनपुर, वाराणसी के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग, अभियुक्त राज उर्फ रजत के विरूद्ध जनपद जौनपुर व कमिश्नरेट वाराणसी के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग, अभियुक्त सूरज उर्फ लल्लू के विरूद्ध जनपद जौनपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 11 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना गौराबादशाहपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1—महेन्द्र निवासी सोभीपुर थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर।

2–चन्दन निवासी बेलापार नौपेडवा थाना बक्सा जनपद जौनपुर।

3–राज उर्फ रजत निवासी खजरौटी थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर।

4–सूरज उर्फ लल्लू निवासी उटरूखुर्द थाना बक्शा जनपद जौनपुर।

5–ऋषि निवासी ईशापुर थाना कोतवाली जनपद जौनपुर।

**बरामदगी**

1–02 लाख 74 हजार रूपये नगद।

2–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–01 चार पहिया वाहन आदि।

———————